दनांक–26.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

–

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश की छह सीटों पर आज हो रहा है मतदान।
- चौथे चरण के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी, आज होगी नामांकन–पत्रों की जांच।
- राज्य में मौसम का मिला जुला असर, कहीं तेज गर्मी तो कहीं आंधी के साथ बारिष।
- आईपीएल क्रिकेट में कल बेंगलुरू ने हैदराबाद को 35 रनों से हराया।

दूसरा चरण मतदान

प्रदेश में आज छह सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। करीब एक करोड़ 11 लाख से ज्यादा मतदाता 80 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं। इनमें 4 महिला और एक उम्मीदवार थर्ड जेंडर से है।

वीसी–संजीव षर्मा

*प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, रीवा, सतना और होशंगाबाद संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। मतदान का दायित्व 50 हजार से ज्यादा कर्मचारी संभाल रहे हैं। सभी छह सीटों पर 12 हजार 828 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 1 हजार 136 केंद्र महिलाओं और 32 केंद्र दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित हैं। जबकि 2 हजार 865 क्रिटिकल मतदान हैं। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में टीकमगढ़ से केंद्रीय मंत्री डा वीरेंद्र कुमार, खजुराहो से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और सतना से कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा हैं। संजीव शर्मा आकाशवाणी समाचार भोपाल*

मतदान अपडेट

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज हो रहे मतदान प्रतिशत की अपडेट वोटर टर्न आउट एप और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्य प्रदेश की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके माध्यम से नागरिक हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

वहीं चुनाव आयोग ने मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जामनकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।

चौथा चरण नामांकन–पत्र जांच

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए दाखिल नामांकन–पत्रों की जांच आज होगी। चौथे चरण में नामांकन–पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन कल 43 उम्मीदवारों ने 71 नामांकन –पत्र प्रस्तुत किए। इसके साथ ही इस चरण में कुल 101 उम्मीदवारों ने 154 नामांकन–पत्र दाखिल किए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल बताया कि चौथे चरण के नामांकन भरने के अंतिम दिन तक देवास से 9, उज्जैन 11, रतलाम 15, धार 10, खरगौन 6, इंदौर 26, मंदसौर 10, खण्डवा से 14 उम्मीदवारों ने नामांकन–पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन–पत्र दाखिल कर चुके उम्मीदवारों के शपथ पत्र और अन्य जानकारियां चुनाव आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। चौथे चरण में 29 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इसके लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

प्रवेश प्रक्रिया

अंडर ग्रेजुएषन–यूजी कोर्स में ऑनलाइन प्रवेष के लिए 1 मई और प्रोस्ट ग्रेजुएषन– पीजी के लिए 2 मई से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी। इंदौर में इस बार 1 लाख 10 हजार सीटें हैं। जिन छात्रों का 12वीं का रिजल्ट आ चुका है और उन्हें बीबीए, बीकॉम, बीएससी और बीए सहित अन्य 11 यूजी कोर्स में प्रवेश चाहिए वे 20 मई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। छात्रों को अधिकतम 10 कॉलेजों की च्वॉइस फिलिंग का मौका मिलेगा। छात्र कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। दस्तावेज सत्यापन इस साल भी ऑनलाइन ही होगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

उच्चतम न्यायालय स्त्री धन

उच्चतम न्यायलय ने एक अहम फैसले में कहा है कि 'स्त्रीधन' पर पति का कोई नियंत्रण नहीं है। वह परेशानी के समय इसका इस्तेमाल तो कर सकता है, लेकिन बाद में उसे लौटाना होगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। पीठ ने कहा कि महिला को अपने स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है। शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में माता–पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले उपहार स्त्रीधन हैं। यह पूर्ण रूप से महिला की संपत्ति है और उसे अपने इच्छानुसार बेचने या रखने का पूरा अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर स्त्रीधन का बेईमानी से दुरुपयोग किया जाता है तो पति या उसके परिवार के सदस्यों पर आईपीसी की धारा 406 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

बिजली चेतावनी

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर देखा गया है कि ट्रांसफॉर्मर के पास दुकानें लगा रहे हैं। यह खतरनाक है। वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

शत्रु संपत्ति

देश के सभी राज्यों में जिला कलेक्टर अपने क्षेत्र के शत्रु संपत्तियों के पदेन उपसंरक्षक के रूप में काम करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कल इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार, जिले में अनुविभागीय मजिस्ट्रेट या समकक्ष अपने क्षेत्र में आने वाले शत्रु संपत्तियों के पदेन सहायक संरक्षक होंगे। ये अधिकारी शत्रु संपत्ति कानून 1968 के तहत जिम्मेदारी पूरी करेंगे।

षाह–दौरा प्रदेष

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल देर शाम भोपाल पहुँचे। स्टेट हैंगर पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह,सह प्रभारी अधिकारी सतीश उपाध्याय, चुनाव समिति संयोजक हेमंत खंडेलवाल ने किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज गुना और राजगढ़ लोकसभा के चुनावी दौरे पर रहेंगे। वह इस दौरान गुना में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

मौसम

प्रदेश के अधिकांष हिस्सें में भीषण गर्मी का असर है। हालांकि कुछ स्थानों पर आंधी–तूफान के साथ बूंदाबांदी होने से गर्मी से राहत मिली है। झाबुआ में आज सुबह कहीं कम तो कहीं तेज बारिष हुई। इससे जिले में गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल संभागो के जिलों में कहीं–कहीं वर्षा दर्ज की गई। वहीं, डिंडोरी, अनूपपुर में धूल भरी आंधी चली। बैतूल, मंडला, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, सिंगरौली में गरज–चमक के साथ तेज़ हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेष के कई हिस्सों में आंधी के साथ बारिष होने की संभावना है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात रॉयल चैलेन्जर्स बैंगलुरू ने सनराइजर्स हैदाराबाद को 35 रनों से हरा दिया। हैदराबाद में खेले गए मैच में बेंगलुरू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 206 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से षाम साढ़े सात बजे से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा हरसूद मार्ग पर वाहनों की चेकिंग के दौरान यात्री व अन्य वाहनों के चालकों को, बसों के सुरक्षित संचालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

- झाबुआ में पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुओं को लू और तापघात से बचाव के लिए गाईड–लाईन जारी की है।

- आगरमालवा जिले में कल लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए बचाव के उपायों से अवगत कराया गया।

——————————————